कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/शालादर्पण/60303/विद्यालय/04598/पार्ट–6 दिनांक : यथा ई–हस्ताक्षर

समस्त संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– इन्फ्रास्ट्रक्चर की प्रविष्टि शालादर्पण पोर्टल पर करने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि समस्त विद्यालयों द्वारा शालादर्पण पोर्टल पर इन्फ्रास्ट्रक्चर मोडयूल में प्रविष्टियों को अद्यतन किया जाना है, इस संबंध में निर्देशित किया जाता है की समस्त संस्थाप्रधान अपने विद्यालय से संबंधित इन्फ्रास्ट्रक्चर की सूचना सावधानी पूर्वक भरे किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए CBEO/ADPC लॉगिन से अनलाक की सुविधा प्रदान की गई है किसी भी प्रकार की गलत प्रविष्टि के लिए वर्तमान संस्थाप्रधान की जिम्मेदारी तय की जायेगी। समस्त CBEO को इस हेतु नोडल नियुक्त करते हुए निर्देशित किया जाता है कि अपने क्षेत्राधिकार में समस्त विद्यालयों से दिनांक 31.01.2025 तक शत प्रतिशत प्रविष्टि करवाना सुनिश्चित करे।

इसके अतिरिक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉड्यूल मे एक नवीन पेज जोड़ा जा रहा है जिसमें विद्यालय के मुख्यद्वार, मुख्य भवन, शौचालय, पेयजल, MDM किचन, खेलमैदान, चार दिवारी की जिओटेग फोटो अपलोड करनी होगी एवं नजरी नक्शा भी करना होगा।

भविष्य में भी किसी भी प्रकार की नवीन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राप्त होने पर मॉड्यूल में सात दिवस में प्रविष्टि की जानी अनिवार्य है।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(आशीष मोदी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., जयपुर (जरिये ई–मेल)।
4. उपनिदेशक, शालादर्पण, जयपुर को सम्बन्धित मॉड्यूल को लाईव किये जाने सम्बन्धी आगामी आवश्यक कार्यवाही बाबत (जरिये ई–मेल)।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु। (जरिये ई–मेल)
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा। (जरिये ई–मेल)
8. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
9. समस्त संस्था–प्रधान।
10. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Document certified by ASHISH MODI <ASHISHMODI.KGP@GMAIL.COM>.

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :09-01-2025 06:31:39